MAERSK

ALL THE WAY

# आचार संहिता



MAERSK

ALL THE WAY

# हमारा उद्देश्य
# हमारे मूल्य
# हमारी आचार संहिता

"मूलभूत सिद्धांत यह है कि लोग हम पर विश्वास कर सकते हैं।"

मएर्स्क मैक-किनी मोलर (1913–2012)

# वषिय-सूची

**परचिय** — 4

**हमारी आचार संहिता की आधारशलिा** — 5

- हमें परचिालति करने वाला उद्देश्य — 6
- लंबे समय से चले आ रहे मूल्य जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं — 7
- पोषणीयता के प्रतहिमारी प्रतबिद्धता — 8
- कमटि ढाँचा — 9

**संहति किसि पर लागू होती है** — 10

**हमारी जम्मिेदारयिाँ** — 11

**आवाज उठाना** — 12

**सही नर्णिय लेने के लएि आचार संहति का उपयोग करना** — 13

**उत्तरदायत्विपूर्ण व्यावसायकि आचरण के हमारे मानक** — 14

**हम अपने कर्मचारयिों का ख्याल रखते हैं** — 15

- स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा — 16
- श्रम अधकिार — 17
  - प्रतपिूर्त
  - संघ बनाने और सामूहकि रूप से मोल-तोल करने के अधकिार का सम्मान
  - जबर्दस्ती कराया जाने वाला श्रम
  - बाल श्रम
  - नष्पिक्ष कार्यवधियिाँ
  - काम के घंटे
  - भेद-भाव
  - उत्पीड़न

**हम कानून का पालन करते हैं और नष्ठिा के साथ काम करते ह** — 19

- भ्रष्टाचार वरिोध — 20
  - तोहफे, मनोरंजन और अतथि-सित्कार
  - दान, प्रायोजन, धर्मार्थ योगदान
  - तृतीय पक्ष
- प्रतस्पिर्धा कानून का अनुपालन — 21
- सैंक्शन और नर्यिात नयिंत्रण — 22
  - सैंक्शन
  - नर्यिात नयिंत्रण
- हतिों में अंतर्वरिोध — 23

**हम उत्तरदायत्विपूर्ण तरीके से अपने साझेदारों और हतिधारकों के साथ संलग्न होते हैं।** — 24

- सरकारों के साथ काम करना — 25
- दान, धर्मार्थ अंशदान, प्रायोजन और समुदाय में नविश — 25
- समाजकि माध्यमों का व्यावसायकि उपयोग — 25

**हम अपनी और दूसरों की परसिंपत्तयिों की रक्षा करते हैं** — 26

- साइबर सुरक्षा — 27
- डेटा सदाचार। और डेटा की गोपनीयता — 28
  - डेटा की गोपनीयता
- बौद्धकि संपदा — 29

**हम पर्यावरण की हफिाजत करते ह** — 30

- व-िकार्बनीकरण — 31
- पारस्थितिकिीतंत्र और जैवकि ववििधिता — 31
- अपद्रव्य और प्रदूषण — 32
- संसाधनों के उपभोग को कम कर — 32

**हम दृढ़ वत्तिीय नयिंत्रण कायम रखते ह** — 33

- धाँधली-रोधन — 34
- अवैध धन को वैध बनाना — 35
- भीतरी जानकारी — 35
- टैक्स की जम्मिेदारी को ठीक से नभिाना — 36



# परिचय

## एपी मोलर-मेर्स्क के सीईओ विन्सेंट क्लार्क के साथ बातचीत में

### विन्सेंट, मेर्सक को आचार संहिता की आवश्यकता क्यों है?

हम अपने उद्देश्यों और मूल्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों और मानको के अनुरूप निर्णय लेने में हमारे कर्मचारियों का मार्गदर्शन करना चाहते हैं।

सीधे शब्दों में कहें, तो हमारी आचार संहिता एक कंपनी के रूप में हमें अपने सहकर्मियों, ग्राहकों, आपूर्तकों, समुदायों, अधिकिरणों और अन्य हितधारकों के साथ कैसे संलग्न होना चाहिए, इसके लिए वैश्विक मानक स्थापित करती है। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप मेएर्स्क के किसी ब्रांड के लिए काम कर रहे हैं या आप कहाँ रहते हैं। आपको आचार संहिता का अनुपालन करना है और उससे अपने दैनंदिन के कार्यों में मार्गदर्शन ग्रहण करना है।

हमारी संहिता हमारे ग्राहकों, आपूर्तकों और अन्य बाहरी हितधारकों को भी स्पष्ट करती है कि वे हमसे क्या अपेक्षाएँ रख सकते हैं।

### क्या मात्र कानून का संदर्भ लेना पर्याप्त नहीं है?

बल्कुिल नहीं। मैं यह मानकर चलता हूँ कि मेएर्स्क में काम करने वाले सभी लोग कानून का पालन करते हैं। यह तो करना ही होता है। लेकिन कानून के अलावा, हमारी आचार संहिता में हमारे उद्देश्यों और मूल्यों, हमारे कर्मचारियों और ग्राहकों प्रति हमारी प्रतिबद्धता, संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक समझौते, और हमारे व्यवसाय को पेश आने वाली आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों पर आधारित मार्गदर्शक सिद्धांत विद्यमान हैं।

हम अपने सभी कर्मचारियों से जो न्यूनतम आवश्यकताओं की अपेक्षा रखते हैं, उन्हें हमारी यह संहिता व्यक्त करती है, भले ही स्थानीय कानून का मानक इससे कम क्यों न हो।

### आपने हमारे उद्देश्य और मूल्यों की बात कही। उनका इस संहिता के साथ क्या संबंध है?

तेजी से परिवर्तन कर रही आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थितियों और मंदियों वाले आज के विश्व में हमारा उद्देश्य और मूल्य इसे सुनिश्चित करने वाले केंद्रीय तत्व बने हुए हैं कि हम पोषणीय रूप से वृद्धि करते जाएँगे।


मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि सब लोग इसे अच्छी तरह समझ लें कि इस संहिता में वर्णित वृद्धि और व्यावसायिक आचरण के मानकों में हितों का किसी भी प्रकार का अंतर्विरोध नहीं है। सच तो यह है कि, जैसा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट करता है, वृद्धि और उत्तरदायित्वपूर्ण व्यावसायिक आचरण एक-दूसरे को पुष्ट करते हैं। और दीर्घावधि में, हमारे मूलभूत मूल्य, जो हमारे साथ एक सदी से भी अधिक समय से रहे हैं, सुनिश्चित करते हैं कि हम भविष्य में भी उत्कृष्ट निष्पादन करते जाएँगे। संहिता वह मार्गदर्शक दस्तावेज है जो हमें इसे प्राप्त करने और इसे कायम रखने में मदद करता है।

### क्या संहिता में उन सभी स्थितियों की चर्चा है जिनका मुझे सामना करना पड़ सकता है?

नहीं, संहिता में सभी संभव स्थितियों की चर्चा नहीं है। यदि आपको कभी संशय हो कि आपको किसी परिस्थिति में हमारे मानकों को कैसे लागू करना चाहिए, तो कृपया अपने प्रबंधक से मार्गदर्शन प्राप्त करें। यदि कुछ सही नहीं लग रहा हो, तो उचित माध्यमों का उपयोग करके अपनी चिंताओं को प्रकट करें। सही चीज करने के लिए आपको कभी भी दंडित नहीं किया जाएगा। सवाल उठाकर और अपनी आवाज बुलंद करके आप सही कार्य कर रहे हैं और निष्ठा की हमारी संस्कृति को पुष्ट करने में योगदान कर रहे हैं।

# हमारी आचार संहिता की आधारशिला

मेएर्स्क लागू होने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने लिए प्रतिबद्ध है। पर हमारी संहिता की आवश्यकताएँ इससे भी आगे जाती हैं।



# हमें परचिालति करने वाला उद्देश्य





## सभी के जीवन में सुधार लाकर
## वशि्व को समेकति करना

हमारे इस उद्देश्य के लिए ही हम हर सुबह एक नए और उत्तेजक दिन की आशा करते हुए अपने विस्तर से उठते हैं। यह केवल हमारे हिस्सेदारों के लिए मूल्य निर्मिति करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सार इसमें है कि हम इस विश्व को जिसमें हम सब रहते हैं, क्या देते हैं। इसका मतलब है हमारे ग्राहकों को संतुष्ट करना, अच्छी प्रतिभा को आकर्षित करना और उसे अपने पास रखना, और हमारे समुदायों का एक उत्तरदायित्वपूर्ण और मूल्यवान सदस्य बनना।

# लंबे समय से चले आ रहे मूल्य जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं

यदि हमारा उद्देश्य ‘क्यों’ का उत्तर देता है, तो हमारे मूल्य ‘कैसे’ इसका उत्तर देते हैं। वे हमारी नैतिक संहिता हैं और व्यक्ति के रूप में तथा कंपनी के रूप में उचित व्यवहारों के लिए मानक स्थापित करते हैं।

मेएर्स्क के पाँच मूलभूत मूल्य हमारे जेहन में एक सदी से भी अधिक समय से विद्यमान हैं। मएर्स्क मैक-किन्नी मोलर ने अपने हाथों से उन्हें लिखा और जब वे 2003 में सेवानिवृत्त हुए, तब उन्होंने उन्हें हमें सौंपा।



## निरंतर देख-रेख

आज की देखभाल करें, और कल के लिए सक्रियता से तैयारी करें

चाहे आज की चुनौतियों का सामना करना हो या भविष्य को आकार देने वाले अवसरों की छानबीन करना हो, हम भविष्य का अनुमान करते हैं, नवप्रवर्तन करते हैं और जो कुछ भी हम करते हैं, उसे और अच्छी तरह से करने की कोशिश करते हैं।



## नम्रता

दूसरों के लिए मूल्य निर्मित करने के लिए सुनें, सीखें और साझा करें

हम जिज्ञासु हैं, खुला मन रखते हैं, और दूसरों के नजरिए का सम्मान करते हैं, और हमेशा एक-दूसरे से, हमारे ग्राहकों से और हमारे चारों ओर की दुनिया से सीखने के लिए तत्पर रहते हैं। हम साथ मिलकर ही सफल हो सकते हैं।



## शिष्टता

जान जाए पर वचन न जाए

हर दिन हम अपने ग्राहकों और साझेदारों का विश्वास जीतते हैं। वे हम पर भरोसा कर सकते हैं कि हम अपना वादा निभाएँगे, जो सही हो उसे करेंगे, तब भी जब उसे करना कठिन हो। हम खुलकर और सच बोलते हैं, और हमेशा निष्ठा के साथ काम करते हैं।



## हमारे कर्मचारी

हमारे लोगों के लिए सही माहौल

सही उद्देश्य से जुड़े हुए रहकर हम वृद्धि करने, विकसित होने और अपेक्षाओं से भी बेहतर काम करने के लिए अवसर निर्मित करते हैं। एक ऐसे विविध और वैश्विक कार्यस्थल के रूप में जहाँ लोग सुरक्षित, मूल्यवान और सशक्त महसूस करते हैं, हम मिलकर विजय की ओर अग्रसर होते हैं।



## हमारा नाम

हम जिन चीजों के लिए खड़े हैं, वे सब

हमारा नाम विश्वास और उत्कृष्टता का हमारा वायदा और प्रतिबद्धता है। हम सब मेएर्स्क के नाम की हिफाजत करने वाले और उसका प्रतिनिधित्व करने वाले राजदूत हैं, जो अधिक पोषणीय और समेकित विश्व के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# पोषणीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

मेएर्स्क उत्तरदायित्व और पोषणीयता के साथ कारोबार करने के प्रति समर्पित है। पर्यावरणीयता और सामाजिक पोषणीयता मेएर्स्क की व्यावसायिक रणनीति का एक अभिन्न अंग है। ये हम जमीन, समुद्र और आकाश में अपने ग्राहकों की सेवा किस तरह करते हैं इसमें अंतर्स्थापित हैं, क्योंकि हमारी भूमिका एक वैश्विक योजक की है जो सिरे-से-सिरे तक का संभार-तंत्र पेश करता है। ये इसमें भी अंतर्स्थापित हैं कि हम किस तरह से एक समान और निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित करते हैं जिसमें माल-सामानों की आवाजाही से भी बढ़कर सभी समुदाय लाभान्वित होते हैं।


एक वैश्विक कंपनी होने की हैसियत से, मेएर्स्क हम जिस समाज और पर्यावरण में प्रचालन करते हैं, उसके लिए सक्रिय रूप से उत्तरदायित्व ग्रहण करते हैं। इसके लिए हम अंतर्राष्ट्रीय मानकों और संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक समझौते (ग्लोबल कंपैक्ट) के सिद्धांतों से मार्गदर्शन ग्रहण करते हैं।

हम मानाधिकारों की सार्वभौम उद्घोषणा और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ की कार्यस्थल के बुनियादी सिद्धांत और अधिकारों में व्यक्त सिद्धांतों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही, हम संयुक्त राष्ट्र के व्यवसायों और मानवाधिकारों के मार्गदर्शक सिद्धांतों और ओईसीडी के बहुराष्ट्रीय उद्यमों के दिशा-निर्देशों के प्रति समर्पित हैं।

हम अपने संपूर्ण मूल्य-शृंखला में लोगों के ऊपर प्रतिकूल प्रभाव न डालने की ओर निरंतर ध्यान देते हैं, और इसकी सतत समीक्षा करते हैं कि हमने अपने मानवाधिकार प्रभावों को अपने मानवाधिकार उचित छानबीन (ड्यू डिलिजेन्स) नीतियों और प्रक्रियाओं के माध्यम से कैसे प्रबंधित किया है।

इसके अतिरिक्त, मानवाधिकारों का सम्मान करने के प्रति हमारी कटिबद्धता को हमारे मानवाधिकार नीति कथन में भी व्यक्त किया गया है ।


अधिक जानने के लिए यहाँ क्लिक करें, या इस कोड को स्कैन करें



# कमिट ढाँचा

इस आचार संहिता में व्यक्त किए गए मानकों को अधिक विस्तार के साथ व्यावसायिक नैतिकता नियमों में समझाया गया है और ये नीतियाँ इन मानकों को समर्थित करती हैं। ये नीतियाँ 'कमिट' कहे जाने वाले मेएर्स्क के आंतरिक सुशासन ढाँचे का एक अंग हैं। सभी कर्मचारियों को इन नियमों का पालन करना है। ये नियम मेएर्स्क के इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं।

कमिट में पधारने के लिए यहाँ क्लिक करें (मेएर्स्क में इंट्रानेट में पहुँच होना आवश्यक है), अथवा इस कोड को स्कैन करें



MAERSK

# संहिता किसि पर लागू होती है

मेएर्स्क आचार संहिता मेएर्स्क के सभी कर्मचारियों पर लागू होती है, भले ही वे समुद्र में हों या हमारे कार्यालयों, टर्मिनलों, गोदामों या अन्य सुविधाओं में हों।

यह आचार संहिता अनुबंधित कर्मचारियों पर भी लागू होती है, जो मेएर्स्क की ओर से काम करते हैं, तथा उन कर्मचारियों पर भी जो हमारे द्वारा नियंत्रित संयुक्त उद्यमों में काम करते हैं।

MAERSK

APM TERMINALS
Lifting Global Trade

ALIANÇA
A Maersk Company

MAERSK
CONTAINER INDUSTRY

MAERSK
TRAINING

MAERSK
H2S SAFETY SERVICES



# हमारी जिम्मेदारियाँ




## सभी कर्मचारी

- इस आचार संहिता को पढ़ें, समझें और उसका अनुपालन करें।
- यदि आप किसी निर्णय, कार्रवाई या इस आचार संहिता की व्याख्या को लेकर दुविधा में हों, तो मदद लें।
- अपनी आवाज उठाएँ और उन गतिविधियों की सूचना दें जो इस संहिता के प्रतिकूल हैं। ऐसा करने के लिए आपको कभी भी दंडित नहीं किया जाएगा।



## नेतृत्व-वर्ग

- अपनी टीम के साथ इस संहिता की चर्चा करें और सुनिश्चित करें आपकी टीम के सदस्य इसे तथा उनके दैनंदिन के कार्यों पर लागू होने वाले मानकों को समझ गए हैं।
- कर्मचारियों ही नहीं बल्कि मेएर्स्क के लिए काम करने वाले तृतीय पक्षों और हमारे ग्राहकों के प्रति अपने शब्दों और कार्यों से मिसाल प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करें।
- अपनी टीम के साथ खुली, ईमानदार दो-तरफा वार्तालाप को प्रोत्साहित करें, और उन्हें प्रश्न पूछने और अपनी चिंताएँ व्यक्त करने का अवसर दें। जब किसी समस्या का समाधान किया जाए, तो उन्हें सूचित करें।
- दूसरों की बात सुनकर, आदर दर्शाकर, गोपनीयता की रक्षा करके और बदला लेने की प्रवृत्ति को निषिद्ध करके चिंताओं का समाधान करें।
- सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों को उन विभिन्न माध्यमों की जानकारी है, जिनका उपयोग करके वे अपनी आवाज उठा सकते हैं, उदाहरण के लिए ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली।



## नियंत्रित संयुक्त उद्यम

- इस आचार संहिता का अनुपालन करें।



## वे संयुक्त उद्यम जिन्हें हम नियंत्रित नहीं करते हैं

- इन्हें यह दर्शाना होगा कि हमारे यहाँ भी व्यवसाय से संबंधित व्यवहारों के लिए तुल्य सिद्धांत हैं, अथवा इन्हें मेएर्स्क की आचार संहिता का अनुपालन करना होगा।




## मेएर्स्क का प्रतिनिधित्व करने वाले तृतीय पक्ष

मेएर्स्क आपूरक आचार संहिता का अनुपालन करें।

# आवाज उठाना

मेएर्स्क में हम आवाज उठाने की संस्कृति को पोषित करते हैं और सबकी बात सुनने पर जोर देते हैं - चाहे वे मेएर्स्क के कर्मचारी हों या नहीं - सभी हमसे सवाल कर सकते हैं और अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकते हैं। यदि आपको कभी भी संशय हो कि आपको किसी परिस्थिति में हमारे मानकों को कैसे लागू करना चाहिए, या आपको किसी संभावित उल्लंघन की आशंका हो, तो आप आवाज उठा सकते हैं, और आपको अपनी आवाज उठानी भी चाहिए।







### माध्यम

अपनी आवाज हम तक पहुँचाने के लिए कई माध्यम उपलब्ध हैं। आपको जो सबसे अधिक सुविधाजनक लगे, उसका उपयोग करें। यदि आप दुविधा में हों कि किस माध्यम का उपयोग करें, तो हमारा लोकपाल प्रकार्य आपको अगले चरणों के बारे में परामर्श दे सकता है।


- आपका प्रबंधक
- मानव संसाधन, अनुपालन या कानून विभागों के सहकर्मी
- मेएर्स्क ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली।

जब कुछ सही नहीं महसूस हो रहा हो, तब अपनी आवाज उठाने के लिए हिम्मत की आवश्यकता पड़ती है। हम इसे भली-भाँति समझते हैं कि यह आपको असहज या चिंताग्रस्त कर सकती है। यही वजह है कि मेएर्स्क सुनिश्चित करता है कि सभी सूचनाओं पर गोपनीयता के साथ कार्रवाई की जाती है और यदि आप चाहें, तो बिना अपना नाम बताए मेएर्स्क ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली से सूचना भेज सकते हैं।

### ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली

ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली को एक सुरक्षित, बाहरी वेबसाइट पर स्थापित किया गया है और वह दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन, ऑनलाइन पर या फोन के जरिए, कई भाषाओं में उपलब्ध है। हम बिना अपना नाम बताए सूचना दे सकते हैं और सभी मामलों को गोपनीय रखा जाएगा, भले ही आपने अपना नाम दिया हो अथवा नहीं।

मेएर्स्क ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली में पहुँचने के लिए यहाँ क्लिक करें, अथवा आप इस कोड को स्कैन कर सकते ह



### बदला लेने के प्रति शून्य सहनशीलता

अपनी आवाज उठाकर सही चीज करने वाले किसी भी व्यक्ति से बदला लेने को हम सहन नहीं करेंगे। आपको निम्नलिखित के लिए प्रतिकूल परिणाम नहीं झेलने होंगे:

- किसी वास्तविक या संभाव्य दुर्व्यवहार के बारे में सद्भावना के साथ चिंता जाहिर करना,
- अपनी चिंता जाहिर करने में किसी की मदद करना, या
- किसी जाँच-पड़ताल में सहयोग करना।

बदला लेना इस संहिता का उल्लंघन और हमारे मूल्यों का उल्लंघन है। यदि आपको लगे कि आपके विरुद्ध बदला लिया जा रहा है, तो आपको अपनी आवाज उठानी चाहिए। बदला लेने के सभी आरोपों की गोपनीयता के साथ छानबीन की जाएगी, और यदि वे सही पाए गए, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दंडित किए जाने या अपनी नौकरी से हाथ धो बैठने का डर आपको अपनी आवाज उठाने के आड़े कभी नहीं आना चाहिए।

# सही निर्णय लेने के लिए आचार संहिता का उपयोग करना

मेएर्स्क के एक कर्मचारी होने की हैसियत से आप हर दिन निर्णय लेते हैं। इनमें से अधिकतर निर्णय बहुत ही छोटे और मामूली लग सकते हैं। लेकिन ये ही वे निर्णय हैं, भले ही वे जितने भी छोटे या मामूली क्यों न हो, जो हम क्या हैं, इसे परिभाषित करते हैं।

सही निर्णय लेना हमेशा आसान नहीं होता है। हमेशा वे निष्पक्ष नहीं लग सकते हैं। तुरंत कोई लाभ नहीं मिले, और हो सकता है कि आपको यथा-स्थिति को चुनौती देनी पड़े।



**तो जब आपका सामना किसी कठिन या अस्पष्ट परिस्थिति से हो जाए, तो आप सर्वोत्तम निर्णय कैसे ले सकते हैं?**



## चरण 1 - जल्दबाजी नहीं करें

क्या यह परिस्थिति आपको असहज कर रही है, अथवा आपका अंतर्मन कह रहा है कि कुछ सही नहीं लग रहा है? तनिक रुककर सोचें।

## चरण 2 - सोचें और सुन

क्या आपको सभी प्रासंगिक तथ्यों की जानकारी है? क्या मेएर्स्क की आचार संहिता में ऐसा कोई मानक है जो आपका मार्गदर्शन कर सकता है? मेएर्स्क के उद्देश्य और मूल्यों को याद करें।

- क्या ये कार्रवाइयाँ कानून-सम्मत, निष्पक्ष और निष्ठापूर्ण हैं?
- इसके बाद मुझे अपने बारे में कैसा महसूस होगा?
- यदि इस घटना की खबर अखबारों में छपे अथवा अधिकारिणों के ध्यान में आ जाए, तो वह कैसी लगेगी?

आपके आसपास के वार्तालापों को सुनें। यदि आपको नीचे दिए गए वाक्यांशों वाली बातचीत सुनने को मिले, तो इसकी बहुत अधिक संभावना है कि आप एक नैतिक दुविधा में फँसे हुए हैं:

- "किसी को भी नहीं पता चलेगा।"
- "इसे कैसे किया जाता है, यह महत्वपूर्ण नहीं है, बस यह हो जाना चाहिए।"
- "सभी कर रहे हैं, इसलिए यह सही ही होना चाहिए।"
- "घबराओ नहीं, यहीं ऐसे ही किया जाता है।"
- "मैं जानना नहीं चाहता।"

## चरण 3 - दूसरों के साथ बातचीत करें


यदि आप दुविधा में हो कि क्या करना उचित होगा, तो अपने प्रबंधक, अथवा मानव संसाधन, अनुपालन, या कानूनी विभाग के किसी व्यक्ति से बात करके उनकी मदद लें। यदि इस परिस्थिति में आप मेएर्स्क के किसी भी व्यक्ति के साथ बात करने में संकोच महसूस कर रहे हों, तो आप कभी भी अपनी आवाज ध्यानाकर्षक (विसिलब्लोअर) प्रणाली के जरिए उठा सकते हैं, और ऐसा करते हुए, यदि आप चाहें तो अपने नाम को भी गुप्त रख सकते हैं।



## चरण 4 - उचित कार्रवाई करें और सीखें

पूरी सूचनाओं से अवगत रहते हुए निर्णय लें। यह 'सही' और 'गलत' विकल्पों के बीच एक सरल सा चयन भी हो सकता है, या दो 'सही' चीजों से किसी एक चुनने जैसा जटिल निर्णय भी। अपने निर्णय के परिणामों का मूल्यांकन करें। क्या परिणाम रहे, और आपने इस परिस्थिति से क्या सीखा?

# उत्तरदायत्ति्वपूर्ण व्यावसायकि आचरण के हमारे मानक




हम अपने कर्मचारयिों
का ख्याल रखते हैं



हम अपनी और दूसरों की
परसिंपत्तयिों की रक्षा करते हैं



हम उत्तरदायत्ति्व के साथ साझेदारों
और हतिधारकों के साथ संलग्न होते हैं



हम कानून का पालन करते हैं
और नष्ठिा के साथ काम करते हैं



हम पर्यावरण की हफिाजत करते ह



हम दृढ़ वत्तिीय
नयिंत्रण कायम रखते हैं

# हम अपने कर्मचारियों का खयाल रखते है

मे में हम अपने कर्मचारियों के लिए सही माहौल नर्मिति करते हैं और यह सुनिश्चिति करते हैं कि हम योग्यता, कुशलता और व्यक्तत्वि के आधार पर सही उम्मीदवार चुनते हैं। हमारे कर्मचारियों के प्रत समानता का व्यवहार होता है और उन्हें ऐसे परविश में नयोजित कयिा जाता है जो न्यूनतम स्तर पर स्थानीय कानूनों और वनियिमों के अनुरूप होते हैं। हमारा कार्यस्थल भेद-भाव और उत्पीड़न मुक्त होना चाहएि, और हम ऐसे सुरक्षति और संरक्षति कार्यस्थल उपलब्ध कराने के प्रत समर्पति हैं जो हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कुशलता को समर्थति करे।



# स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा

हम हर दनि सुरक्षति, स्वस्थ और संरक्षति कार्यस्थल उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। हम न केवल कानूनी और अनुबंधीय आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, बल्कि हम स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा जोखिम प्रबंधन को अपने दैनकि प्रचालनों और निर्णयन प्रक्रयिा में अंतर्स्थापति करते हैं।

हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा को जोखिम में डालने वाली स्थितियों को पहचानने, समझने और उन्हें न्यूनीकृत करने की जिम्मेदारी हममें से प्रत्येक व्यक्ति पर है। जहाँ जोखिमों को दूर नहीं किया जा सकता हो, वहाँ हम उन्हें उस स्तर तक ले आता हैं जो मान्य समझा जाता है।

सुरक्षा और संरक्षा ठेकेदारों और व्यावसायकि साझेदारों के चयन की प्रक्रयिा में ध्यान में रखे जाने वाले कारकों में से एक है, और हम उनमें सुरक्षा और संरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसे प्रोत्साहति करने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं।

सुरक्षा, संरक्षा और दृढ़ता के प्रति हमारी प्रतबिद्धता की नींव चार सद्धिांतों से निर्मति हुई है:

- हम अनुकंपा के साथ नेतृत्व करते हैं। हमारे नेतृत्व-वर्ग अग्रमि-पंक्ति के साथ संलग्न होते हैं, उनकी बात सुनते हैं और उन्हें उत्तर देते हैं।
- हम सीखते हैं और अनुकूलति होते हैं। सुधार को परचिालति करने के लिए हम गंभीर जोखिमों को दूर करने के लिए कार्य करते हैं।
- हमारे कर्मचारी विशेषज्ञ हैं। अपनी संस्कृति को बढ़ाने के लिए हम एक-दूसरे से सीखते हैं।
- हम दृढ़ हैं। प्रतकिूल परस्थितियों से पहले, उसके दौरान और उसके बाद हम फलते-फूलते हैं।

### आपके लिए इसका क्या मतलब है?

- सभी के लिए काम करने का सुरक्षति और संरक्षति परविश निर्मति करें और उसे कायम रखें।
- अपने कार्यस्थल में और उसके इर्द-गर्दि मौजूद जोखिमों को समझें और सही नियंत्रणों और पूर्वोपायों से उनका समाधान करके सको सुरक्षति और संरक्षति रखें।
- अपने दैनंदनि के कार्यों में प्राप्त हुई सफलताओं से सीखें।
- इसे मानें कि ऐसा बरिले ही होता है कि काम योजनानुसार चलता है और कर्मचारियों के नवप्रवर्तनों और कुशलताओं के कारण ही काम सुरक्षति और संरक्षति रूप से पूरा होता है।
- स्वयं उदाहरण बनकर नेतृत्व करें, संलग्नता और सशक्तीकरण से विश्वास को पोषति करें, काम शुरू करने से पहले सभी के विचारों को सुनें और उन्हें महत्व दें।



# श्रम अधिकार

श्रम अधिकार मानव अधिकारों का एक महत्वपूर्ण भाग हैं। वे मेएर्स्क और उसके कर्मचारियों के बीचे के संबंध में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

## प्रतिपूर्ति

हम स्वीकार करते हैं कि कर्मचारियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए वेतन आवश्यक है और वह कम से कम स्थानीय कानून द्वारा आवश्यक बनाया गया न्यूनतम वेतन और लाभ तो देंगे ही।

## संघ बनाने और सामूहिक रूप से मोल-तोल करने के अधिकार का सम्मान

मेएर्स्क पूर्ण स्वतंत्रता के साथ मेल-मिलाप करने, अपनी पंसद के संघ बनाने या उनमें शामिल होने और सामूहिक रूप से मेल-तोल करने के कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हम सामूहिक प्रतिनिधित्व से अलग रहने के कर्मचारियों के अधिकारों को भी मान्यता देते हैं। मेएर्स्क स्वतंत्र रीति से चुने गए किसी कानूनी रूप से मान्य ट्रेड यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधि के साथ सामूहिक मोल-तोल करने के प्रति समर्पित है।

## जबर्दस्ती कराया जाने वाला श्रम

मेएर्स्क किसी भी तरह के जबर्दस्ती कराए जाने वाले श्रम का उपयोग नहीं करेगा, और ऐसी प्रथाओं से परहेज करेगा जो गैर-स्वैच्छिक श्रम को बढ़ावा दे सकती हैं।

## बाल श्रम

मेएर्स्क सभी स्थानीय कानूनों और विनियमों का कड़ाई से पालन करेगा और किसी भी स्थिति में 15 साल या इससे कम उम्र के बच्चों को नियोजित नहीं करेगा तथा समुद्र में होने वाले कामों के लिए वह 16 से कम उम्र के व्यक्तियों को नियोजित नहीं करेगा। मेएर्स्क खतरनाक कामों या रात में किए जाने वाले कामों के लिए कभी भी 18 साल से कम उम्र के बच्चों को नियोजित नहीं करेगा।

## निष्पक्ष कार्यविधियाँ

हम अनुशासन लाने, शिकायतों को निपटाने और बर्खास्तगी से संबंधित कार्यविधियों के लिए ऐसी निष्पक्ष तरीकों का पालन करते हैं जो कंपनी की नीतियों और सामूहिक मोल-तोल के अनुबंधों पर आधारित हैं।

## काम के घंटे

हम लागू होने वाले कानूनों, विनियमों और काम करने के घंटों और ओवरटाइम, अवकाश और न्यूनतम विश्राम अवधियों से संबंधित प्रासंगिक सामूहिक अनुबंधों के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं। ओवरटाइम कार्य का व्यापक उपयोग न करना कंपनी की नीतियों में शामिल है। ओवरटाइम के घंटों के लिए नियोजन की व्यक्तिगत शर्तों, लागू होने वाले विनियमों, और प्रासंगिक सामूहिक अनुबंधों के अनुसार उचित प्रतिपूर्ति दी जाएगी।





## भेद-भाव

हमारी सफलता हम सबमें विभिन्न राष्ट्रीयताओं, लिंगों, पीढ़ियों, मजहबों, अक्षमताओं, लैंगिक अभिरुचियों, नस्लीयताओं, और दृष्टिकोणों के रहते हुए भी एक-दूसरे के साथ संलग्न होकर साथ मिलकर काम करने की हममें क्षमता होने पर निर्भर करती है। यही वजह है कि मेएर्स्क किसी भी तरह के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करता है।

भेद-भाव कई रूप ले सकता है, जिनमें शामिल है नस्ल, लिंग, लैंगिक पहचान, लैंगिक अभिरुचि, उम्र, भाषा, मजहब या अक्षमता के आधार पर असमान व्यवहार करना।

हम एक ऐसी संस्कृति निर्मित करना चाहते हैं जो समावेशी हो, जिसमें सोचने के नए तरीकों को प्रोत्साहित किया जाता हो, तथा नई कुशलताओं और विभिन्न प्रतिभाओं से लाभ उठाया जाता हो। इसका मतलब है कि विविधिता को मूल्यवान समझने की आवश्यकता है, और हमारे कर्मचारियों को नवप्रवर्तन करने तथा परस्पर सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा, ताकि हम सब मिलकर एक विश्वव्यापी टीम के रूप में विजय हासिल कर सकें।

## उत्पीड़न

हर कर्मचारी को एक ऐसे माहौल में काम करने का अधिकार है जो आपत्तिजनक और अनुचित व्यवहारों से मुक्त हो। उत्पीड़न, हिंसा तंग करने जैसी चीजों के लिए मेएर्स्क की संस्कृति में कोई जगह नहीं है।

उत्पीड़न ऐसा अवांछित व्यवहार है जो किसी को दुख पहुँचाता है या उन्हें असुरक्षित या अपमानित महसूस कराता है। अवांछित व्यवहारों के कुछ उदाहरण हैं, आपत्तिजनक चुटकुले सुनाना, अनादरपूर्ण नामों से पुकारना, अवांछित शारीरिक संपर्क, हिंसा अथवा हिंसा की धमकी, धमकाना, मजाक उड़ाना, ताने कसना या आपत्तिजनक वस्तुएँ या चित्र आदि दर्शाना।

उत्पीड़न कई परिस्थितियों में हो सकता है, जिसमें अधिकार का दुरुपयोग भी शामिल है। वह कार्यस्थल में एक शत्रुतापूर्ण माहौल निर्मित करता है और उससे हमारे कर्मचारियों के सामान्य खुशहाली पर बुरा असर पड़ता है।

कुछ कर्मचारी इससे अनजान हो सकते हैं कि उनका व्यवहार आपत्तिजनक है और वह दूसरों पर बुरा असर डाल रहा है। इसलिए हमें हमेशा अपने वचनों और व्यवहारों का अपने सहकर्मियों पर क्या असर पड़ रहा है, इसके प्रति सजग रहना होगा।

### आपके लिए इसका क्या मतलब है?

- अपने नियोजन के अनुबंध के शर्तों का पालन करें।
- अपने सहकर्मियों के साथ सम्मानजनक रूप से, बिना भेद-भाव किए बर्ताव करें, व्यक्तिगत स्तर पर और ऑनलाइन रहते हुए।
- भेद-भाव, उत्पीड़न, हिंसा और दबंगी से मुक्त एक समावेशी कार्य-परिवेश को प्रोत्साहित करें।





# हम कानून का पालन करते हैं और निष्ठा के साथ काम करत हैं

मेएर्स्क कंपनी की संस्कृति में हमारे “सच्चापन” वाले केंद्रीभूत मूल्य के सहारे हमेशा निष्ठा के साथ कार्य करना अंतर्स्थापित है। इसका मतलब है कि हमारे हितधारक वादे निभाने और सही चीज करने के लिए हम पर निर्भर कर सकते हैं। वह कठिन होने पर भी हम हमेशा लागू होने वाले कानूनों का पालन करते हैं और निष्ठा के साथ काम करते हैं।



# भ्रष्टाचार विरोध

भ्रष्टाचार गैर-कानूनी है और हमेशा समुदायों और कंपनियों पर विनाशकारी प्रभाव छोड़ता है - वह अवसरों को कम करता है और असमानता पैदा करता है। मेएर्स्क में भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता है। यह हमारे उद्देश्य “सभी के जीवन में सुधार लाकर विश्व को समेकित करना” सहित हम जिन सब चीजों के लिए खड़े हैं, उन सबके विरुद्ध जाता है। हम भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कटिबद्ध हैं और हमारे व्यवसाय पर लागू होने वाले भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।

मेएर्स्क सर्वाधिक जिस प्रकार के भ्रष्टाचार की चपेट में आता है, वह है **सरकारी अधिकारियों** रिश्वत देना, लेकिन व्यावसायिक संबंधों में भी भ्रष्टाचार की संभावना है।

रिश्वत व्यक्तिगत या पेशेवरीय स्तर का कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए किसी को प्रभावित करने के विचार से पेश की जाने वाली या दी जाने वाली अदायगी, उपहार या मूल्य की कोई भी वस्तु है। रिश्वत नकद में भी दी जा सकती है और उसका स्वरूप गैर-नकदी भी हो सकता है। उदाहरणों में शामिल हैं अनुचित तोहफे, मनोरंजन, अतिथि-सत्कार, दान, प्रायोजन, या अनुचित छूट, अन्यों से जो शुल्क लिया जाता है उसे न लेना, कीमत में कटौती, या देय राशि को त्याग देना।

मेएर्स्क किसी भी तरह की रिश्वत को बर्दाश्त नहीं करता है, जिसमें **काम आसान करके देने के लिए दी जाने वाली अदायगियाँ भी शामिल हैं।**

### सरकारी अधिकारी

मोटे तौर पर सरकारी अधिकारी के तहत राजनेता, और किसी भी सरकारी निकाय, विभाग, एजेंसी या उपकरण, सरकार के स्वामित्व में आने वाली कंपनी (जिसे राज्य का उद्यम भी कहते हैं), या अंतर्राष्ट्रीय सरकारी संगठन (जैसे संयुक्त राष्ट्र संघ) के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग आते हैं।

### काम आसान करके देने के लिए अदायगी

निचले स्तर के सरकारी अधिकारी को (नकद में या वस्तुओं में) दी जाने वाली अल्प राशि, जो सामान्यतः किसी नेमी प्रशासनिक कार्य को पूरा करने या अधिक जल्दी पूरा करने के लिए दी जाती है, वैसे भी उस अधिकारी के लिए यह कार्य स्वयं ही करके देना होता है। उदाहरण के लिए, सरकारी कागजातों को संसाधित करना, कतार में आगे आना, या पुलिस का रक्षण प्राप्त करना।

## तोहफे, मनोरंजन और अतिथि-सत्कार

हम स्वीकार करते हैं कि व्यावसायिक संबंध बनाए रखने के लिए तोहफों, मनोरंजनों और अतिथि-सत्कार का अक्सर उपयोग किया जाता है। लेकिन, यह तब समस्या बन जाता है, जब इन्हें किसी को कोई अनुचित लाभ दिलाने के बदले दिया जाता है, या इनके देने से ऐसा प्रतीत होता है। इसे संभाव्य रूप से रिश्वतखोरी माना जा सकता है।

इसलिए हम केवल उचित होने पर, उनकी कीमत वाजिब होने पर और आंतरिक नियमों और विनियमों के अनुरूप होने पर ही तोहफे, मनोरंजन और अतिथि-सत्कार देने या पाने की अनुमति देते हैं।

कृपया ध्यान में रखें कि सरकारी अधिकारियों के संबंध में अधिक सख्त नियम लागू होते हैं।

## दान, प्रायोजन, धर्मार्थ योगदान

किसी भी तरह के धर्मार्थ कार्य, राजनीतिक दल या किसी सरकारी अधिकारी से संबंधित समारोह के लिए दान करने, उसका प्रायोजन करने या उसके लिए पैसे देने से पहले आपको अनुपालन टीम का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

## तृतीय पक्ष

दूसरे लोग हमारी ओर से जो करते हैं, उसके लिए हम जिम्मेदार हैं। जिन चीजों को करने से हमें मना किया गया है, उन्हें करने के लिए हम तृतीय पक्षों, एजेंटों, सलाहकारों या दलालों का उपयोग नहीं करते हैं। उदाहरण के लिए काम आसान करके देने के लिए पैसे देना या पैसे लेना। मेएर्स्क को तृतीय पक्षों के साथ तभी संलग्न होना चाहिए जब कोई वाजिब व्यावसायिक आवश्यकता हो और जब इन तृतीय पक्षों की कुंडली जाँचने से कोई बड़ा जोखिम का नहीं पता चला हो।

हम मेएर्स्क की ओर से सेवाएँ अर्पित करने या व्यवसाय प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मेल-जोल करने वाली बाहरी कंपनियों और व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देते हैं। ऐसे किसी तृतीय पक्ष के साथ अनुबंध करने से पहले उनकी निष्ठा का मूल्यांकन करने के लिए हम एक विशेष प्रक्रिया का अनुसरण करते हैं।

## आपके लिए इसका क्या मतलब है?

- किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए कभी भी पैसे या लाभ न तो दें न ही लें, और न ही देने का वादा करें।
- काम आसान करके देने के लिए पैसे नहीं दें यदि ऐसी कोई परिस्थिति पेश आ जाती है जिसमें काम आसान करके देने के लिए पैसे चुकाने से बचा नहीं जा सकता हो, तब ऐसी अदायगी करने से पहले आपके अपने प्रबंधक से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। यदि आपको अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता हो, तो यह अदायगी करें लेकिन इसके तुरंत बाद अपने प्रबंधक और अनुपालन टीम को इसकी सूचना दें।
- कोई भी तोहफा, मनोरंजन या अतिथि-सत्कार उपलब्ध कराने से पहले सुनिश्चित करें कि आप हमारे नियमों का, तथा स्थानीय विनियमों का पालन करते हैं, और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लेते हैं।
- कभी भी किसी तृतीय पक्ष, उदाहरण कोई आपूरक, से मेएर्स्क की ओर से रिश्वत या काम आसान करके देने की अदायगियाँ करने या लेने के लिए नहीं कहें।
- मेएर्स्क की ओर से सरकारी अधिकारियों के साथ मेल-मिलाप करने वाले तृतीय पक्षों के साथ काम करते समय तृतीय पक्ष प्रबंधन प्रक्रिया का अनुपालन करें।



# प्रतिस्पर्धा कानून का अनुपालन



